बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड

(बिहार सरकार का उपक्रम(

CIN - U40102BR2012SGC018889

निबंधित कार्यालय: चतुर्थ तल,विद्युत भवन, बेली रोड, पटना-800021

ई० मेल: gmhr.bsptcl@gmail.com वेबसाइट -www.bsptcl.in

कार्यालय आदेश संख्या-T-V/Rectt-1201/2016 118 पटना,दिनांक- 13/02/18

श्री रघुनाथ ठाकुर, सेवानिवृत संदेशवाहक (सेवानिवृति की तिथि- 31.01.2018), संचरण जोन, मुजफ्फरपुर को संविदा के आधार पर नियुक्त करते हुए संचरण जोन, मुजफ्फरपुर में निम्नलिखित नियम एवं शर्त्तो के अधीन पदस्थापित किया जाता है:-

1. श्री ठाकुर की नियुक्ति संविदा के आधार पर योगदान समर्पित करने की तिथि से छ: माह अथवा संचरण जोन, मुजफ्फरपुर में अन्य संदेशवाहक के पदस्थापन, जो पहले हो, के लिए होगी।

2. संविदा अवधि में मानदेय का भुगतान बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी के कार्यालय आदेश संख्या 1581 दिनांक 30.12.2017 के तहत किया जाएगा।

3. कोई अन्य भत्ता एवं इस सेवा के लिए सेवान्त लाभ देय नही होगा।

4. पूरी संविदा अवधि में इन्हें कुल 06 (छ:) दिन आकस्मिक अवकाश तथा देय होगा।

5. कंपनी हित में श्री ठाकुर को बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के अधीन कहीं भी स्थानान्तरण किया जा सकेगा।

6. कार्य संतोषप्रद नहीं होने की स्थिती में बिना किसी पूर्व सूचना के कार्य से मुक्त कर दिया जाएगा।

7. अनुमान्य अवकाश के अलावे अनुपस्थित रहने पर अनुपस्थित अवधि का अनुबंध राशि देय मासिक मानदेय राशि से आनुपातिक रुप से कटौती कर ली जाएगी।

8. योगदान करने हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा।

9. नियोजन के समय श्री ठाकुर के द्वारा निम्न कागजात समर्पित करने होंगे:-

(क) स्वास्थ्य प्रमाण पत्र

(ख) कार्यपालक दण्डाधिकारी/ नोटरी के समक्ष प्रतिपादित इस आशय का शपथ पत्र-

(i) कि सेवाकाल में सेवानिवृति के पूर्व श्री ठाकुर का कार्य आचरण संतोषजनक रहा है।

(ii) कि सेवानिवृति के समय श्री ठाकुर के विरुद्ध कोई भी विभागीय कार्यवाही/ फौजदारी मुकदमा या गंभीर आरोप लंबित नहीं है।

आदेश से,

ह0/-

(सुनील कुमार सिंह)

उप महाप्रबंधक (कार्मिक)

ज्ञापांक-   पटना, दिनांक-

प्रतिलिपि-अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के तकनीकी सचिव/प्रधान आप्त सचिव/ निदेशक (प्रशासन) के प्रधान आप्त सचिव, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लि0/प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रॉन्समिशन कम्पनी लि0/ प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लि0/ प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि0/ प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि0 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/-

(सुनील कुमार सिंह)

उप महाप्रबंधक (कार्मिक)

ज्ञापांक- 439   पटना, दिनांक- 13/02/18

प्रतिलिपि- निदेशक (परियोजना)/सभी मुख्य अभियंता/सभी महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता/ सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता/उप महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)/ उप महाप्रबंधक (कार्मिक)/ उपमहाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/ उप सचिव/ वरीय प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/ वरीय प्रबंधक (कार्मिक)/ डी0 बी0 ए0/ सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता/ सभी अवर सचिव/सभी लेखा पदाधिकारी/ लेखा पदाधिकारी (स्थापना)/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना / श्री रघुनाथ ठाकुर, सेवानिवृत संदेशवाहक (सेवानिवृति की तिथि- 31.01.2018), संचरण जोन, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/02/2018

(सुनील कुमार सिंह)

उप महाप्रबंधक (कार्मिक)